**NEWS CLIPPING: 21.08.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# अपने हुनर को पहचानें और रुचि अनुरूप चुनें करियर : प्रो. दिनेश

## नए सत्र से बीटेक विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम अनिवार्य



भास्कर न्यूज|फरीदाबाद

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ने बीटेक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए नए शैक्षणिक सत्र से शुरू किए गए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने नए सत्र से बीटेक विद्यार्थियों के लिए तीन सप्ताह के इंडक्शन कार्यक्रम को अनिवार्य किया है। इसका उद्देश्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पढ़ने वाले विद्यार्थियों का मानसिक तनाव कम करना व मानवीय पहलुओं को लेकर उनकी समझ को विकसित करना है। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अपने हुनर और रुचि के अनुरूप करियर का चयन करें। उन्होंने कहा कि स्कूल से विश्वविद्यालय पहुंचने के बाद अपने करियर का वह मुकाम हासिल कर लिया है, जब आपको अपने जीवन की राह खुद तय करनी होगी। इसमें आपके शिक्षक आपके मित्र के रूप में आपका मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा समय वर्कशॉप में बिताने का सुझाव दिया। जिससे वे अभ्यास द्वारा इंजीनियरिंग की बारीकियों को समझ सकें। इससे पूर्व डॉ. प्रदीप कुमार ने तीन सप्ताह के इंडक्शन कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न सांस्कृतिक एवं तकनीकी क्लब की जानकारी दी। उन्होंने बताया किस प्रकार विद्यार्थी इन क्लबों के साथ जुड़कर रुचिकर गतिविधियों का हिस्सा बन सकते हैं। कार्यक्रम के दूसरे सत्र को प्रो. संदीप ग्रोवर ने विश्वविद्यालय पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने की। इस मौके पर सभी विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को अपने विभागों का परिचय दिया।

**NEWS CLIPPING: 21.08.2018**

**PUNJAB KESARI (DELHI)**

# वाईएमसीए के कर्मचारियों ने की केरल बाढ़ राहत के लिए एक दिन का वेतन देने की घोषणा

**फरीदाबाद**, राकेश देव (पंजाब केसरी): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कर्मचारियों ने केरल में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता में सहयोग के लिए अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देने की घोषणा की है। कुलपति की अपील परए शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने आज कुलपति से भेंट की तथा विश्वविद्यालय के सभी



कर्मचारियों की ओर से एक दिन का वेतन राहत कोष में देने की पेशकश की। कुलपति ने केरल बाढ़ प्रभावितों के लिए चिंता व्यक्त करने तथा राहत कार्य में योगदान के लिए आगे आने के लिए कर्मचारी संघों की सराहना की। इससे पूर्वए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने सभी कर्मचारियों से केरल में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए आगे आने की अपील की थी। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने अपने एक दिन का वेतन जोकि लगभग 6 लाख रूपये की राशि हैए केरल बाढ़ राहत के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का निर्णय लिया है।

**AMAR UAJAL**

# बाढ़ पीड़ितों को एक दिन का वेतन देंगे वाईएमसीए कर्मी

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा केरल बाढ़ राहत के लिए एक दिन का वेतन देने की घोषणा की गई है। यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराई जाएगी। वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि केरल में भयावह बाढ़ से पीड़ितों की मदद के लिए उन्होंने अपने सभी शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ से एक दिन का वेतन देने की अपील की थी। इस पर सभी लोगों ने उनकी अपील को स्वीकार करते हुए एक दिन का वेतन बाढ़ पीड़ितों को भेजे जाने की बात कही है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 21.08.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

# तीन सप्ताह का 'स्टूडेंट इंडक्शन कार्यक्रम' शुरू

**प्रमुख संवाददाता, फरीदाबाद**

**वाईएमसीए विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी में बीटेक प्रथम वर्ष के स्टूडेंट्स के लिए इंडक्शन कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अपने हुनर और रुचि के अनुरूप करियर का चुनाव करें। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने नए सत्र से बीटेक स्टूडेंट्स के लिए तीन सप्ताह के स्टूडेंट्स इंडक्शन कार्यक्रम को अनिवार्य कर दिया है। इसका उद्देश्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों का तनाव कम करना तथा मानवीय पहलुओं को लेकर उनकी समझ को विकसित करना है।

प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई केवल डिग्री हासिल करना न बने बल्कि पढ़ाई से अर्जित ज्ञान समाज की भलाई में आए। उन्होंने छात्रों को संस्कारों से जुड़े रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग की डिग्री अच्छी नौकरी दिला सकती है, लेकिन अच्छी नौकरी या अच्छा पैकेज आपको अच्छा इंसान नहीं बनाता है। आपके नैतिक और मानवीय गुण ही आपको अच्छा इंसान बनाते हैं। इससे पहले कार्यक्रम के निदेशक, युवा कल्याण डॉ. प्रदीप कुमार ने इंडक्शन कार्यक्रम की रूपरेखा पेश की। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सोनिया बंसल ने डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चैहान की देखरेख में आयोजन का संचालन किया।



सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार

**DAINIK JAGRAN**

## बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता को बढ़े हाथ

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने केरल में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता में सहयोग के लिए अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देने की घोषणा की है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अपील पर शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को कुलपति से मुलाकात की और विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों की ओर से एक दिन का वेतन राहत कोष में देने की पेशकश की। यह वेतन करीब छह लाख रुपये बनता है। कुलपति ने केरल बाढ़ प्रभावितों के लिए जारी राहत कार्य में सहयोग के लिए आगे वाले कर्मचारी संघों की सराहना की।

**NEWS CLIPPING: 21.08.2018**

**HINDUSTAN**

# 'काबिलियत के मुताबिक ही करियर का चयन हो'

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार से बीटेक प्रथम वर्ष के नए शैक्षणिक सत्र के लिए इंडक्शन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। छात्रों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी पसंद और काबिलियत के मुताबिक ही करियर का चयन करना चाहिए।

दरअसल, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की ओर से नए सत्र से बीटेक छात्रों के लिए तीन सप्ताह के इंडक्शन कार्यक्रम को अनिवार्य किया गया है। इसका उद्देश्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले छात्रों का मानसिक तनाव कम करना है। कुलपति ने छात्रों को संस्थान की उपलब्धियों, मूलभूत सुविधाओं आदि के बारे में बताते हुए वर्कशॉप में समय बिताकर इंजीनियरिंग की बारीकियों को समझने का सुझाव दिया। संस्थान के युवा कल्याण निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने इंडक्शन कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए सांस्कृतिक व तकनीकी क्लबों की जानकारी दी।

**कार्यक्रम**

- इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम शुरू हुआ
- कुलपति ने छात्रों को संस्थान की उपलब्धियों से अवगत कराया

**DAINIK BHASKAR**

## कर्मचारियों ने बाढ़ पीड़ितों को दिया एक दिन का वेतन

फरीदाबाद| वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने केरल के बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देने की घोषणा की है। कुलपति ने राहत कार्य में योगदान देने के लिए कर्मचारी संघों की सराहना की।

**NEWS CLIPPING: 21.08.2018**

**PUNJAB KESARI**

# कर्मचारियों ने केरल बाढ़ राहत के लिए एक दिन का वेतन देने की घोषणा

फरीदाबाद, 20 अगस्त (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कर्मचारियों ने केरल में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता में सहयोग के लिए अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देने की घोषणा की है। कुलपति की अपील पर, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने कुलपति से भेंट की तथा विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों की ओर से एक दिन का वेतन राहत कोष में देने की पेशकश की। कुलपति ने केरल बाढ़ प्रभावितों के लिए चिंता व्यक्त करने तथा राहत कार्य में योगदान के लिए आगे आने के लिए कर्मचारी संघों की सराहना की । कुलपति प्रो. कुमार ने सभी कर्मचारियों से केरल में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए आगे आने की अपील की थी।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 21
epaper.p